## डॉ. गर्ग ने ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया

**भरतपुर,** (निसं)। पूर्व मंत्री व जूनून विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने जूनून विधान सभा के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर खामरा से समसपुर और चिकसाना से थेई गांव तक का हिस्सा बनाया, जो कि पूर्व शीघ्र ही निर्मित भवन के सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देता है।

डॉ. गर्ग ने जून के दूसरे दिन सोमवार को विधान सभा क्षेत्र के फूसरा, सुनारी, नगला पूनथिया, इकरन, सोमनाथपुर, चिकसाना, पिडयानी, खमरा सहित कई गांवों के दौरे पर गए। इस दौरान डॉ. गर्ग नेम खरा से समसपुर और चिकसाना से थेई तक तस्वीर हुई सड़क का निरीक्षण और जगह से ही सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पूर्व में दोनों ने ही सड़क के निर्माण की दिशा में दिशा-निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के लोगों की राह आसान हो सके। डॉ. गर्ग ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को भी दूरभाष पर निर्देश दिया कि बांसी-बिरहना, नगला पूंठिया और नगला जट्टा में पाइपलाइन ट्यूबेल को जल्द ही बंद कर दिया जाए और पाइप लाइन डालवाकर की बिजली शुरू कर दी जाए ताकि गर्मी के मौसम में आलोचना हो रही है कि आद्यचल की आ रही समस्या से वैज्ञानिक मिल सकें।

डॉ. गर्ग ने विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान भी शिक्षकों और छात्रावास नगर कार्यालय पर जनसुनवाई कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यों का शीघ्र ही समाधान करने के निर्देश दिये।

# ‘अधिकारी आपसी समन्वय से विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ कराएं’

**भरतपुर,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।बैठक में सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, डीएफओ मानस सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सचिव बीडए नीलिमा तक्षक, सीओ सिटी पंकज यादव, सहायक निदेशक लोकसेवा भारती भारद्वाज सहित, उपखण्ड अधिकारी राजीव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।


जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

■ गौरव पथ के नालों को ढकने का कार्य को प्राथमिकता से पूरा करें : कलक्टर

जिला कलक्टर ने भारत सरकार के जल शक्ति अभियान के तहत हुए जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन, सभी जल निकायों की गणना, जियो-टैगिंग और सूची बनाना, इसके आधार पर जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक योजनाएँ तैयार करना,जल शक्ति केंद्रों की स्थापना, गहन वनरोपण और जागरूकता पैदा करना, सरकारी भूमि, तालाब आदि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने पर भी जोर दिया। उन्होंने जिला चिकित्सालय में गर्मी के मौसम को देखते हुए कूलर, पंखे की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर देते हुए पेयजल लाइनों में लीकेज रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को एक टीम गठित करने का निर्देश दिया जो पेयजल आपूर्ति की 24 घंटे निगरानी करेगी और पेयजल संबंधी समस्याओं का तुरंत समाधान करेगी। उन्होंने आंधी और बरसात से बाधित विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने के भी निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने नगर निगम आयुक्त को नालों की सफाई अभी से शुरू करवाने के निर्देश दिए गए ताकि बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या से बचा जा सके। नगरीय क्षेत्र में जल भराव की समस्या वाले स्थानों के लिए भरतपुर विकास प्राधिकरण से समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। सांसद और विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों को जल्द शुरू करवाने और सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा संचालित कार्यों को गति प्रदान कर समय सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शहर में कराये जा रहे सौन्दर्यीकरण के कार्यों को गुणवत्ता से समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण हाट के विकास कार्यों के लिए प्लेटफार्म विकसित करने और इस कार्य में उद्योग विभाग का सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। एमएसजे कॉलेज में पेयजल आपूर्ति के लिए अतिरिक्त व्यवस्था करने पर भी जोर दिया । उन्होंने सभी अधिकारियों को आगामी दिनों में होने वाले लोकार्पण और शिलान्यास कार्यों की सूची शीघ्र भिजवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने लोहागढ़ स्टेडियम में शौचालय के साथ पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने और स्टेडियम में मवेशियों व जानवरों के विचरण को रोकने के लिए प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। स्टेडियम में बास्केटबॉल मैदान में खराब हो चुके रंग-रोगन को दोबारा कराने, ओपन जिम और ट्रैक बनाने के साथ ही पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरूस्त करने के भी निर्देश दिए प्रदान किये। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि सर्किट हाउस के कमरों की मरम्मत का कार्य शीघ्र शुरू करवाने और पुलिस परेड ग्राउंड में पानी निकासी के प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने हीरादास से काली की बगीची सडक के चौडाईकरण कार्य की टैंडर प्रक्रिया शीघ्र कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कुंड और बावडियों में सीवरेज का पानी नहीं आए, इसके लिए उचित प्रबंध करने और गौरव पथ के नालों को ढकने का कार्य को भी प्राथमिकता से पूरा करें। बैठक में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम की तैयारियों का फीडबैक लिया और जिला कलक्टर ने बरसात से पूर्व पौधारोपण की तैयारी रखने के निर्देश दिए ताकि व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जा सके। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय और तत्परता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया ताकि आमजन को आवश्यक सेवाएं सुचारू रूप से मिलती रहें। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसम्पर्क पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये।

## सार-समाचार

### कलेक्टर से मिले व्यापारी

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। व्यापार महासंघ ने जल निकासी की समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों ने मानसून से पहले खारी नाले की सफाई कराने की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष अजय मित्तल के नेतृत्व में दुकानदारों ने कलेक्टर नीलाभ सक्सेना से मुलाकात की। उन्होंने खारी नाले के कुछ हिस्सों को खोलकर सफाई कराने और इस कार्य के लिए अतिरिक्त बजट की मांग की। पिछले मानसून में खारी नाले से पानी की निकासी नहीं होने से शहर में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई थी। इससे शहरवासियों को भारी नुकसान हुआ था। व्यापारियों ने कहा कि इस बार मानसून से पहले नाले की सफाई जरूरी है। इससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या नहीं होगी। व्यापारियों ने खारी नाले के लिए तैयार डीपीआर पर बजट स्वीकृति की भी मांग की है। इस मौके पर कटरा बाजार, डेम्प रोड और कंबलवाल गली के दुकानदार मौजूद थे। इनमें योगेश जमालपुरिया, नरेंद्र जैन, मुकेश गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, जीतेन्द्र गर्ग और चंदन कंबलवाल प्रमुख थे।

### राशन डीलरों की बैठक

**भरतपुर,** (निसं)। रुदावल कस्बे में राशन डीलरों की बैठक जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल के निर्देश पर प्रवर्तन निरीक्षक गुरप्रीत सिंह के मुख्यातिथ में आयोजित हुई। प्रवर्तन निरीक्षक गुरप्रीत सिंह ने कस्बा सहित ठामीण इलाकों से आए सभी उचित मूल्य दुकानदारों को खाद्य पदार्थों के नए नियमों की जानकारी दी। साथ ही सभी उपस्थित उचित मूल्य दुकानदारों को गिवअप अभियान के तहत जारी नवीनतम निर्देशों की पालना करने के लिए पाबन्द किया गया। प्रवर्तन निरीक्षक ने कहा कि सभी दुकानदार अपने अपने क्षेत्रों में कम से कम 10 लोगों से गिव अप अभियान के तहत आवेदन पत्र भरवाकर अपात्रों को चिन्हित करने के बाद प्राप्त सभी आवेदनों को कार्यालय में प्रेषित करें। जिससे अपात्रों को हटाने की कार्रवाई शुरू की जा सके। बैठक के बाद प्रवर्तन निरीक्षक ने राशन डीलर संघ की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर भानु प्रताप सिंह, गोपाल गिरी, मंगती राम, गोपाल राम शर्मा, रामेश्वर, राजेश शर्मा, सुलेमान खान, रतन सिंह, दिनेश चंद, सतीश चंद , हरभान सिंह, सुभाष, परसराम, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

### अतिक्रमण हटवाया, जुर्माना वसूला

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सोमवार को उपखंड अधिकारी और नगर परिषद आयुक्त बृजेन्द्र मीणा के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान सुबह 10 बजे मिनी सचिवालय से शुरू हुआ। अतिक्रमण दस्ते ने कचहरी रोड, माल गोदाम रोड, सब्जी मंडी, कोतवाली थाना, नेहरू पार्क और व्यापार मंडल के आसपास कार्रवाई की। टीम ने सडक के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाया। कई जगहों से अवैध सामान जब्त किया गया। दस्ते ने 18 दुकानदारों से 1800 रुपए का जुर्माना वसूला। साथ ही सभी दुकानदारों और व्यापारियों को सडक पर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। अभियान में सफाई निरीक्षक पिंटू मीणा के नेतृत्व में कमलेश जमादार, विकास, केशव, नंदू, नवीन, पप्पू, बबलू, महेश सहित कई जमादार और सफाई कर्मी शामिल थे। सफाई निरीक्षक ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि वे स्वयं अतिक्रमण हटा लें। ऐसा न करने पर सामान जब्त कर कार्रवाई की जाएगी।

### रूपए नहीं देने पर दुकानदार पर हमला

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सोमवार को उदेई मोड स्थित एक दुकान में बदमाशों ने नौकर के साथ मारपीट की। घटना में दो बोलेरो से आए 8 से 10 युवक दुकान में घुस आए। उन्होंने दुकान के नौकर रवि सिंह खारवाल से रुपए मांगे। रवि के मना करने पर बदमाशों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बदमाशों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीडति रवि सिंह ने उदेई मोड थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने एक आरोपी आरडी मीना को हिरासत में लिया है। थानाधिकारी राजबीर सिंह के अनुसार मामले की जांच जारी है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है और दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बदमाशों में पुलिस और कानून का कोई खौफ ही नहीं है।

## साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक

**करौली,** (निसं)। जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान जिला कलक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला कलेक्टर ने पीएचईडी, विद्युत व चिकित्सा विभाग को सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिये है। बैठक में कृषि, सड़क, पेयजल व विद्युत आपूर्ति, मौसमी बीमारी, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग निस्तारण समय आदि की जिले में प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने कहा कि समस्त अधिकारी राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त कार्यालय, मानवाधिकार आयोग कार्यालय, संभागीय आयुक्त कार्यालय से प्राप्त प्रकरण, जनसुनवाई व रात्रि चैपालों में प्राप्त प्रकरणों एवं 90 दिन से लंबित चल रहे परिवादों का निर्धारित समय सीमा से पूर्व निस्तारण कर आमजन को राहत दिलवाना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने राज्य सरकार की मंशा अनुरूप आगामी मानसून के देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मार्मिक पहल हरियालो राजस्थान के तहत वृहद वृक्षारोपण महाअभियान को जिले में सफल बनाने के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां विभागवार सुनिश्चित करने के निर्देश समस्त विभागाध्यक्षों को दिये। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए उन्होंने सीएमएचओं को विभिन्न स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थानों के नियमित निरीक्षण, चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आदेशित किया। जिले के शहरी एवं ठामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जिला कलक्टर ने जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना को निर्देशित किया। जिससे जिले में आगामी गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। बैठक में उन्होंने अधीक्षण अभियंता से जिले में सप्ताहभर में किए गए नल कनेक्शनों एवं मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की। जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान प्रगति की समीक्षा की और अब तक जारी किए गए कार्यादेशों के तहत संचालित कार्यों की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा भी प्राप्त किया। वहीं हेंडपम्प मरम्मत अभियान की प्रगति के सम्बंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। जिला कलेक्टर ने बैठक में राजस्व, माइनिंग, सेल टैक्स, परिवहन एवं आबकारी विभाग को राज्य सरकार की मंशा के अनुसार शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके अलावा अन्य लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारण करने, ई-फाईल एवं ई-डाक पर शत-प्रतिशत कार्यवाही कर नियमित रूप से डिस्पोजल करने के निर्देश दिये।

## योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। उत्पाद के अच्छे स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रशिक्षण, राजकीय आयुर्वेद योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर, संबद्ध जिला आयुर्वेद एवं चिकित्सा महाविद्यालय, द्वारा आयोजित किया जा रहा है। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर श्रृंखला एवं वार्षिक में दो दिव्य योग प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद लोहागढ़ शाखा के सहयोग से कार्यशाला डॉ. यशपाल सिंह के निर्देशन में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व वृद्ध आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश शर्मा उपाधीक्षक डॉ. चन्द्र प्रकाश माचिस प्रधान चिकित्साधिकारी डॉ. रीना खंडेलवाल डॉ. मोहन स्वरूप शर्मा डॉ. प्रिय शर्मा डॉ. पिंकी चौहान डॉ. शैलेश शर्मा द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना की गई। उपाधीक्षक डॉ. चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि 80 से अधिक दिनों में समुद्र तट पर दो दिव्य शिविरों में विभिन्न वृक्षों के उपचार योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा का कार्य किया गया था। कैंप के प्रभारी डॉ. प्रियंक शर्मा ने बताया कि सोराइसिस, सैंडिशूल, सर्वांग कंडू, मधुमेह और चेहरे पर हो रही कील मुहांसे और झंडियों के निशान की मिट्टी लेपन, पंकसदन, कटि स्नान, ज्वरति, कपि थायरेपी का इलाज किया गया। बी एन बी वाई एस सेकंड्स एवं फर्स्ट ईयर के छात्र तारेश, सृष्टि, गरिमा, प्रीति, भारती ऑडिटोरियम, द्वारा चकुंदर नारियल के लोध, मूंग की दाल के लोध अमी पुदीना काली मिर्च नमक लीमा का अमीपनाह तैयार कर प्रदर्शनी में शामिल किया गया।

# खिलाड़ियों को खेल की सुविधा की कमी नहीं आने देंगे : लोहिया


जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता एवं ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

**भरतपुर,** (निसं)। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर द्वारा आयोजित की गई जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता एवं ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर के समापन पर आयोजित किया गया पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर राहुल सैनी रहे तथा अध्यक्षता एसबीआई बैंक के रीजनल मैनेजर आशीष गोयल ने की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी और भामाशाह डॉ. नरेंद्र अग्रवाल व अटलबंध थाना अधिकारी हेमेंद्र सिंह रहे।

जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को कप एवं प्रत्येक खिलाडी को मिल्टन की बोतल उपहार स्वरूप प्रदान दी गई एवं ग्रीष्मकालीन नि:शुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में पंजीकृत हुए सभी 130 खिलाड़ियों को भी मिल्टन की बोतल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए सचिव ने यह भी बताया कि जो ग्रीष्मकालीन शिविर लगाया गया था वह शिविर 15 दिवस तक आवासीय रहा बाहर से आए खिलाड़ियों को खाने और ठहरने की व्यवस्था जिला क्रिकेट संघ द्वारा नि:शुल्क की गई थी तथा जिला स्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया जिसमें पीएमसी क्लब विजेता तथा गुरु क्लब उपविजेता रहे।समारोह में जिला क्रिकेट संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु लोहिया ने कहा कि भरतपुर जिले के खिलाड़ियों को कोई भी खेल की सुविधा की कमी नहीं आने देंगे और खिलाड़ी के उत्थान के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार रहेंगे समारोह के दौरान जिला संघ के उपाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष मुनेंद्र तिवारी संयुक्त सचिव अरुण गुप्ता सदस्य के रूप में मनोज खटाना, त्रिलोक नाथ शर्मा, नीरज शर्मा, बीनू सिंह, अवधेश खटाना, रूपेंद्र मोहन, पंकज गोयल, प्रेम सिंह, गौरव फौजदार, देवेंद्र सिंह कालू, संजीव चिनिया, सुदेश तिवारी, भरत, गिरीश शर्मा, अमित सिंह, उत्तम शर्मा, देवेंद्र लवानिया, अविनाश सोनी, आदित्य चौधरी, रवि शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्मैक तस्कर धरा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। पुलिस ने स्मैक तस्करी के एक मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने महुखुर्द निवासी भरतलाल उर्फ भरतू गुर्जर (36) को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस पहले ही जयसिंह गुर्जर (25) और वीपी सिंह मीना (34) को गिरफ्तार कर चुकी है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भागीदार फर्म मैसर्स जय भवानी मिनरल ग्राम जटवाडी, तहसील सपोटरा, जिला-करौली, पंजीयन संख्या RF/KRI/9021/3790 दिनांक 19-03-2025 भागीदार नितिश बंसल एवं अजय प्रताप सिंह जादौन रिटायर्ड हो गए हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म्स, जिला उद्योग केन्द्र, करौली में आपत्ति दर्ज करावे। समय निकलने के बाद आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

## सूरौठ को पंचायत समिति मुख्यालय बनाने की मांग

**करौली,** (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर पंचायत समिति मुख्यालय शेरपुर के स्थान पर सूरौठ को बनाया जाने कि मांग की।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा, भूपेन्द्र भारद्वाज,पुष्पेन्द्र मीणा, मुरारी लाल, अफजाल कुरेशी आदि लोगो ने सौपे ज्ञापन मे बताया कि सूरौठ नेशनल हाईवे पर स्थित है। यहां पर पुलिस थाना, रेल्वे स्टेशन, तहसील कार्यालय,कॉलेज आदि सभी सुविधायें है तथा सूरौठ बडा कस्बा होने के कारण बडा बाजार है जिसमें गांवों के लोग खरीददारी करने के लिए आते है तथा सभी ग्राम पंचायतों के मध्य में है। जिसके लिए 24 घण्टें साधनों की उपलब्धता है।

उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत मामचारी को पंचायत समिति करौली में यथावत रखा जाये क्योंकि नव प्रस्तावित पंचायत समिति कुडगांव से दूरी अधिक है। ग्राम पंचायत बझेडा को नवसृजित पंचायत समिति शेरपुर सूरौठ से हटाकर पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में यथावत रखा जावे क्योंकि इसकी सीधी दूरी पंचायत समिति श्रीमहावीरजी के निकटस्थ है। ग्राम पंचायत बरगमा से मूल्याकापुरा को अलग नहीं करके ग्राम पंचायत बरगमा में यथावत रखा जावें। पंचायत समिति नादौती की ग्राम पंचायत तालचिडा के राजस्व ग्राम रामधन कापुरा को नई प्रस्तावित ग्राम पंचायत राजपुर में सम्मिलित नहीं किया जावे।

# लोक देवता कारिस देव मन्दिर जहाज का होगा कायाकल्प

**भरतपुर,** (निसं)। जिले के वैर उपखंड के जहाज गांव में स्थित लोक देवता कारिस देव के जन्म स्थान पर देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को आने वाले समय में नये कायाकल्प के साथ मन्दिर एवं सम्पूर्ण मार्ग पर आमजन को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जिले में चल रहे विकास कार्यों की कडी में नया अध्याय जुडते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर वैर उपखंड स्थित लोक देवता कारसदेव के जहाज गांव में मन्दिर के सौन्दर्यकरण,

■ राज्य सरकार ने स्वीकृत किये 3.60 करोड़ रूपये


वैर उपखंड स्थित लोक देवता कारसदेव मन्दिर।

सुविधाओं एवं पनोरमा के लिए 3.60 करोड रूपये राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये है। लोकदेवता कारसदेव के जन्म स्थान पर वर्ष में दो बार भाद्रपद एवं बैसाख माह में लख्खी मेला आयोजित किया जाता है जिसमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली सहित 11 राज्यों से श्रद्धालु अपनी मनौती पूरी होने पर दर्शन करने आते हैं। यहां वर्षभर नियमित रूप से गोठ के आयोजन भी होते हैं जिसमें श्रद्धालु अपने बच्चों के मुंडन संस्कार, नव वर-वधु को ढोक दिलाने की परम्परा का निवर्हन करते हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा के विजन के अनुरूप जिले में धार्मिक पर्यटन को बढावा देने एवं ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के स्थलों के संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों की कडी में कारसदेव मन्दिर का भी चयन किया गया है। इसमें बल्लभगढ से जहाज गांव की सड़क के विकास के लिए वन विभाग में पत्रावली डायवर्जन प्रस्ताव के साथ भेजी जा चुकी है जिससे इस मार्ग का विस्तार होने से मेले के समय लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिलेगी तथा सभी मौसम के दौरान श्रद्धालु सुलभ यात्रा कर सकेंगे।गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म गत 16 अप्रेल को मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में शिरकत करते गए। उन्होंने सम्पूर्ण मन्दिर परिसर की साफ-सफाई एवं भवनों की रंगाई-पुताई के लिए ठाम पंचायत को निर्देशित किया। मन्दिर को नया रूप देने का कार्य ठाम पंचायत एवं मन्दिर विकास समिति द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि लोकदेवता कारिस देव पूर्वी राजस्थान एवं बुन्देलखंड क्षेत्र में सभी जातियों में लोकदेवता के रूप में पूजे जाते हैं। किसान वर्ग द्वारा पशुओं के रक्षक के रूप में इनके गांव-गांव में थानक बनाकर पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर यहां भव्य पनोरमा बनेगा, यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिलेगी, मन्दिर का विकास कार्य हाथ में लिया जायेगा।

गृह राज्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जहाज गांव में लोक देवता कारिस देव का भव्य पनोरमा बनाया जायेगा जिसमें कारिस देव के जन्म से लेकर उनके द्वारा की गई लीलाओं, इतिहास एवं लोक मान्यताओं को प्रदर्शित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पनोरमा बनने से देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को कारिस देव के बारे में सचित्र जानकारी मिल सकेगी। बुन्देलखंड, पूर्वी राजस्थान एवं दिल्ली तक की लोक मान्यताओं का दिग्दर्शन यहां देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि पनोरमा बनने के साथ सम्पूर्ण मन्दिर परिसर का सुव्यवस्थित विकास भी होगा जिससे मेले के दौरान देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पडे। उन्होंने बताया कि कारिस देव जन्म स्थान एवं सीतल कुंड पर भी श्रद्धालु जाते हैं ऐसे में इस मार्ग को भी सुविधा युक्त बनाया जायेगा।

कारिस देव को राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश में गांव-गांव में पशुओं के लोकदेवता के रूप में भी पूजा जाता है। जिले के वैर उपखंड के गांव जहाज में कारिस देव का जन्म स्थान है जहां पुराना मन्दिर बना हुआ है, इसके साथ ही उनकी तपोस्थली सीतलकुंड पर अनवरत जलधार शिवलिंग का अभिषेक करते हुए बहती है पास में प्राकृतिक रूप से बने कुंड में श्रद्धालु स्थान करते है। बुन्देलखंड अंचल के मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, झाँसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बाँदा जिलों में कारसदेव के चबूतरे भी अधिक संख्या में हैं। मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों जैसे पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, शिवपुरी में भी सीमावर्ती क्षेत्रों में भी कारसदेव की मान्यता पशुपालकों में लोक देवता के रूप में है।

## कलश यात्रा निकली

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो मे इन दिनो भागवत कथाओं का दौर चल रहा है जिसके चलते जगह जगह कलश यात्राएं निकाली जा रही है।

रविवार को करौली में संत गोमती दास जी महाराज की स्मृति में 121 श्रीमद भागवत कथा का कलश यात्रा निकालकर आगाज किया गया करौली में संत गोमती दास की स्मृति में 121 श्रीमद भागवत कथा का आयोजन शुरू हो गया है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: नगाड़खाना दरवाजे स्थित गोपाल जी मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ हुई। कलश यात्रा फूटा कोट,बड़ा बाजार, सब्जी मंडी,भूड़ारा बाजार और होली खिडकियां होते हुए संत गोमती दास आश्रम पहुंची। इस दौरान रास्ते मे जगह जगह लोगो ने कल'ा यात्रा पर पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया यात्रा में 1100 महिलाएं मंगल कलश लेकर भक्ति गीत गा रही थीं। श्रद्धालु 121 भागवत कथाओं को सिर पर रखकर चल रहे थे। भागवत कथा का आयोजन 10 मई तक रामद्वारा के पास स्थित यादव वाटी गौशाला में होगा। कथा का वाचन रमेश चंद्र शास्त्री पांचोली वालो द्वारा किया जा रहा है वही यादव वाटी गौशाला और गोमती दास मंदिर में भागवत कथा मूल पाठ का वाचन विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा। 11 मई को संत गोमती दास आश्रम में हवन शांति और यज्ञ पूर्णाहुति का आयोजन होगा। 12 मई को यादव वाटी गौशाला में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश
क्र.सं.10 सांगानेर जयपुर
गंगाराम विरूद्ध राधा देवी वगै.
वाद बाबत घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा
वाद सं. 106 सन् 25

बनाम गोमती देवी पत्नी स्व.श्री भगवत प्रसाद जाति-महाजन स्थान निवासी-मंगल ट्रेड्र्स, स्टेशन रोड, हिण्डौन सिटी करौली (राज.)
वादी ने आपके विरूद्ध.... के लिए वाद पंजीयत किया हे। आपका इस न्यायालय में तारीख 8 माह 5 सन् 2025 को दिन में 7.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 1 माह 5 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम
न्यायालय सांगानेर
मोहर अदालत

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्र.सं. 10 सांगानेर जयपुर
गंगाराम विरूद्ध राधा देवी वगै.
वाद/प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा।
प्रार्थना-पत्र संख्या - 25सन् 25

नाम गोमती देवी पत्नि स्व. श्री भगवत प्रसाद जाति महाजन पता निवासी मंगल ट्रेडर्स स्टेशन रोड हिण्डोन सिटी करौली राज.
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 08 माह 05 सन् 2025 को 7.30 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 07 माह 05 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश
संख्या 10 जयपुर महानगर प्रथम
न्यायालय सांगानेर
मोहर

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरा, पंचायत समिति सैपऊ ( धौलपुर )**
क्रमांक:-ग्रा.प./ई.नि.नि.सा./2025/01 दिनांक:01.05.2025
**ई-निविदा सूचना 01/2025-2026**
ग्राम पंचायत परिक्षेत्र में संचालित समस्त योजनाओं के तहत सम्पूर्ण वर्षवार स्वीकृत निर्माण कार्यों में निर्माण सामग्री आपूर्ति अनुमानित लागत लगभग 50.00 लाख के लिये सक्षम श्रेणी के पंजीकृत फर्मों से ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 12.05.2025 को समय 10.00 एएम तक आमंत्रित की जाती है, जिसका UBN No.ZDH2526GLRC00104 है। विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।
सरपंच, ग्राम पंचायत बरा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बरा

**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा रूपवास, भरतपुर**
क्रमांक:-मुब्लॉशिअ/समग्र शिक्षा/रूपवास/2025-26/38 दिनांक:02.05.2025
**निविदा सूचना**
स्थानीय कार्यालय में किराये के वाहन हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है-
वाहन का प्रकार- राजस्थान में पंजीकृत वाहन, अनुमानित वाहन किराया प्रतिमाह-28900रू. (मय ईधन, चालक, टीडीएस, अन्य शुल्क सहित) निविदा प्रकाशन-दि. 01.05.2025 जमा की अंतिम तिथि-08.05.2025 दोपहर 12:00 बजे तक, निविदा खोलने की तिथि व समय-दि. 08.05.2025 को 01:00 पी.एम (नोट-रू. 5000/- का ड्राफ्ट CBEO SAMAGRA SHIKSHA ROOPWAS के नाम बनवायें)।
NIB CODE- EED2526A0057 और UBN- EED2526SSRL00063 शर्तें कार्यालय समय में देख सकते हैं।
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा रूपवास ( भरतपुर )